Regd No. 01547/2022
UNION BANK BACKWARD CLASSES (OBC)
EMPLOYEES WELFARE ASSOCIATION
UTTAR PRADESH
Affiliated with-All India Union Bank OBC Eployees Welfare Association, Chennai
C/o : Union Bank of India, Regional Office, Sikraul, Varanasi
Mobile : 9918306777 E-mail : aiobc.up@gmail.com
Website - https://aiobc.org

Estd-1998

Empower
Trust for Social Welfare
Caring People... Powering People
Academic & Social wing of Association
(Estd-2022 (Regd)

BINOD PRASAD SHARMA
PRESIDENT
M-8765463674

Social Justice for All

DR. AMRITANSHU
GENERAL SECRETARY
M-9918306777

Letter No : GS/127/23

Date : 24/04/2023

# EMPOWER BHAWAN
# इम्पावर भवन

## दिनांक 14 अप्रैल 2023 – वाराणसी

संगठन एवं ट्रस्ट के कार्यालय भवन के निर्माण की आधारशिला यूनियन बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक श्री गिरीश जोशी के कर कमलों द्वारा महाप्रबंधक श्री बिरजा प्रसाद दास की उपस्थिति में रखी गई।



दिनांक 14 अप्रैल 2023, भारत के महान युग पुरूष, युग द्रष्टा, समाज सुधारक, भारत रत्न डॉ0 भीम राव अम्बेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर संगठन द्वारा वाराणसी में रिंग रोड एवं सारनाथ के निकट परशुराम कॉलोनी स्थित खरीदी गई जमीन पर बड़े ही उत्साह एवं हर्ष के माहौल में कार्यालय की आधारशिला यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, वाराणसी के क्षेत्र महाप्रबंधक श्रद्धेय श्री गिरीश जोशी के कर कमलों द्वारा महाप्रबंधक आदरणीय श्री बिरजा प्रसाद दास की उपस्थिति में रखी गई।

यह एक अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक अवसर था, जब संगठन द्वारा दो साल पहले देखे गए स्वप्न को पूरा होते हम सभी देख रहे थे। बड़े ही अनुशासन एवं संयम के साथ संगठन की गतिविधियों को संचालित करते हुए आज हम यहां तक पहुंचे कि संगठन के एक






## क्षेत्र महाप्रबंधक श्री गिरीश जोशी जी एवं महाप्रबंधक श्री बी०पी० दास जी का अभिनंदन



कार्यक्रम स्थल पर श्री गिरीश जोशी जी का सम्मान करते डॉ0 अमृतांशु, महासचिव



कार्यक्रम स्थल पर श्री बी0पी0 दास जी का सम्मान करते डॉ0 अमृतांशु, महासचिव

स्थायी कार्यालय को आगामी दो–तीन वर्षों में मूर्त होते देख सकेगें। निसंदेह यह एक दुर्घर्ष कार्य है। जमीन पर ईंट की बिल्डिंग बनाना एवं उसकी निगरानी करना एक कठिन कार्य है, परन्तु आप सब के सहयोग से यह कठिन कार्य भी होगा। मैं जानता हूँ कि निर्माण कार्य की छोटी से छोटी चीजों की निगरानी करनी पड़ेगी, जो कि सामान्य तौर पर हम सब के लिए आसान नहीं है। हमारे लिए संतोष की बात है कि निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार श्री रमेश राजभर एक कुशल भवन निर्माता हैं जिनके कारण संभवतः यह कार्य थोड़ी बहुत दिक्कतों के साथ अवश्य हो जाएगा।

आधारशिला रखने से पूर्व आज के इस विशेष अवसर पर डॉ0 भीम राव अम्बेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर क्षेत्र महाप्रबंधक श्री गिरीश जोशी जी एवं महाप्रबंधक श्री बिरजा प्रसाद दास जी ने डॉ0 भीम राव अम्बेडकर की प्रतीमा पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया।


इस अवसर पर संगठन के विभिन्न पदाधिकारीगण और सदस्य उपस्थित हुए। कई सदस्य एवं प्रतिनिधि गाजीपुर एवं आजमगढ़ क्षेत्र से सम्मिलित हुए। संगठन के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सलाहकार श्री धर्मेन्द्र देव प्रसाद भी उपस्थित हुए। संगठन के अध्यक्ष

## ईम्पावर भवन परिसर के मुख्य द्वार के पास निम्नांकित ग्रेनाईट के पत्थर लगाए जाएंगे


**: आभार :**

**इस स्थल की 500 वर्गफुट जमीन महान समाजसेवी श्रद्धेय श्री हीरालाल मौर्य, काशी रत्न ने अन्य पिछडे वर्गों के कल्याण हेतु विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने के लिए ईम्पावर – ट्रस्ट फॉर सोशल वेलफेयर को दान में प्रदान की है।**


## ईम्पावर भवन का ले-आउट




GROUND FLOOR



FIRST FLOOR



SECOND FLOOR



THIRD FLOOR

अध्यक्ष श्री बिनोद प्रसाद शर्मा अपने अन्य साथियों के साथ गाजीपुर से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

श्री अशोक यादव, आयकर विभाग, वाराणसी, श्री मोदी, राज्य लेखाकार विभाग, वाराणसी एवं अन्य विभागों के सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए। एआईबीईए कर्मचारी संगठन के श्री सुनील मार्य एवं श्री पवन यादव अनुसूचित जाति एवं जन जाति कर्मचारी कल्याण संघ के सचिव श्री सुधीर धुसिया एवं अधिकारी संघ के उपाध्यक्ष श्री वरूण कुमार अपने अन्य साथियों के साथ उपस्थित हुए।

महासचिव डॉ0 अमृतांशु ने उपस्थित सभी लोगों का अभिनंदन किया एवं इस ऐतिहासकि अवसर पर उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि संगठन द्वारा देखे गए अतिमहत्वाकांखी स्वप्न को आज मूर्त होते देखना एक गौरवशाली अनुभव है। पूर्ण रूप से भवन का निर्माण होना अभी भी एक कठिन कार्य है, जिसे बड़े ही धैर्य के साथ पूरा कराना होगा। लेकिन जरा पीछे मुड़कर देखें तो सबसे पहले भवन निमार्ण, अपनी स्वयं की जमीन पर कार्यालय एवं सभागार का निर्माण की इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए जमीन की खरीद की जानी थी। संगठन के पास केवल 21–22 लाख रूपये ही थे, और वाराणसी जैसे ऐतिहासिक शहर में जमीन की कीमत को सभी जानते हैं, ऐसे में क्या विकल्प थे। कार्यालय और सभागार के लिए न्यूनतम 1500–1700 वर्गफूट जमीन की आवश्यकता होगी। ऐसे में इतने कम धन में यह कैसे सम्भव होगा।

### 14 सितम्बर 2021

यह एक बहुत ही शुभ दिन रहा होगा। न जाने क्यों और कैसे मेरे मन में ख्याल आया कि क्यों न आदरणीय श्री हीरा लाल मौर्य जो नगर के एक सम्मानित व्यक्ति हैं एवं वर्षों से जमीन के कारोबार से जुड़े हैं। वे मुझे वर्ष 2003 हैं और संगठन की गतिविधियों से परिचित हैं, उनसे कहकर ट्रस्ट के नाम कुछ वर्गफूट **जमीन दान में देने के लिए अनुरोध** किया जाय, जिससे सामाजि कार्य किया जा सके। मैने दिनांक 14 सितम्बर 2021 को एक पत्र आदरणीय श्री हीरालाल मौर्य को लिखा और अपने उद्देशयों से अवगत कराया। मैने पत्र उनके पुत्र श्री संदीप कुमार मौर्य को भेजा। श्री संदीप कुमार ने खुशी जाहीर करते हुए कहा कि यह एक नेक काम है लेकिन पापा जी से बात करनी होगी। हमने यह भी कहा कि कालान्तर में हमारी योजना है कि दान की जमीन एवं खरीदी गई जमीन दोनों मिलाकर इतनी जमीन हो जाए कि उस क्षेत्रफल में एक अच्छा भवन निर्माण कराया जा सके।

# डॉ० अम्बेडकर जयंती समारोह

भवन निर्माण की आधारशिला रखने के साथ ही इसी स्थल पर डॉ0 अम्बेडकर जयंती समारोह भी आयोजित किया गया।



**हमें यह कहते हुए अत्यंत खुशी हो रही है** कि लगभग ग्यारह महीने के अथक प्रयास एवं निरंतर संप्रेषण के बाद **दिनांक 31 अगस्त 2022 को श्री हीरालाल मौर्य ने 500 वर्गफुट क्षेत्रफल जमीन ट्रस्ट को दान में दी और जमीन रजिस्ट्री हो गई । इसके साथ ही 1200 वर्गफुट की जमीन संगठन ने ट्रस्ट के नाम 21 लाख रूपये में खरीदी। दोनो मिलाकर कुल 1700 वर्गफुट जमीन संगठन/ट्रस्ट को प्राप्त हो गयी।**

भवन चार मंजिलों की होगी जिसमें पहली मंजिल पर कार्यालय कक्ष, दो अतिथि कमरे, किचेन, दो टॉयलेट,, पुस्तकालय होंगे।

दूसरी मंजिल पर सभागार होगा। तीसरी मंजिल और चौथी मंजिल पर छः–छः कमरे होंगे और दोनों ही तल पर दो–दो बाथरूम और दो–दो टॉयलेट अलग अलग होंगं।

अतिथि कमरे – पूरी तरह फर्निश होगें जिसमें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कोई भी कर्मचारी / अधिकारी आकर अधिकतम चार दिनों के लिए न्यूनतम देय राशि पर ठकर सकते हैं। परिसर में रेफरीजेरेटर एवं साफ पानी के लिए वाटर–प्यूरिफायर लगाए जाएंगे।


**छात्रों हेतु कमरें (तीसरी एवं चौथी मंजिल)**

जैसा कि आप सभी जानते हैं यह एक अति–महत्वाकांक्षी योजना है। ट्रस्ट/संगठन अपने दूरगामी उद्देशयों को मूर्त करने के लिए विभिन्न आय श्रोतों पर निर्भर होना पड़ेगा। बिना समुचित धन के इन योजनाओं को पूरा नहीं किया जा सकता।

हमारी योजना है कि वैसे आर्थिक रूप से कमजोर छात्र जो पढ़ने में मेधावी हों, उन्हें वाराणसी में निशुल्क रहने का अवसर प्रदान किया जाएगा। छात्रों के भोजन के लिए न्यूनतम लागत व्यय लिए जाएंगे। मेधावी बच्चों का निर्णय 10वीं एवं 12वीं बोर्ड में प्राप्त अंक के आधार पर गठित कमेटी द्वारा किया जाएगा।

ज्ञात हो कि JEE, UPSC, NEET, CLAT, CA आदि परीक्षाओं की तैयारी के लिए वाराणसी एक बेहतर विकल्प स्थान है।

आपसब का अभिन्न साथी



डॉ0 अमृतांशु
महासचिव